प्रेस विज्ञप्ति

कोविद -19 महामारी के कारण हुए लॉकडाउन में, 30.09.2020 को समाप्त छमाही के दौरान एलआईसी ने अपने ऐतिहासिक प्रदर्शन दर्ज की है। एलआईसी ने अपने पॉलिसीधारकों को वर्ष 2019-20 के लिए 51,000 करोड़ रुपये से अधिक की बोनस की घोषणा भी की है।

भारतीय जीवन बीमा निगम, भारत के सर्वश्रेष्ठ जीवन बीमाकर्ता की भूमिका को निभाते हुए, व्यापार संकट के समय में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया है। बाजार की अपेक्षाओं और राष्ट्र के लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने में एलआईसी की लचीले एवं त्वरित प्रतिक्रिया ने चालू वित्त वर्ष में इसे अनुकरणीय परिणाम प्रदान किये हैं।

हाल ही में समाप्त छमाही 2020-21 में, एलआईसी ने 30 सितंबर 2020 तक व्यक्तिगत नव व्यवसाय प्रदर्शन में प्रथम वर्षीय प्रीमियम आय के रूप में 25000 करोड रुपये अर्जित किए हैं जो कि 30 सितंबर 2019 तक की अवधि के लिए 24867.70 करोड रुपये थीं।

चूंकि इस वर्ष एलआईसी के यूलिप व्यवसाय ने भी बेहतरीन प्रदर्शन दर्ज किये हैं, **जीवन शांति योजना के तहत, एलआईसी ने प्रथम वर्षीय प्रीमियम के रूप में 30 सितंबर, 2020 तक 11456.41 करोड़ रुपये एकत्र किए हैं** । 30 सितंबर 2020 तक एलआईसी ने 16844 पॉलिसियां बेचीं है, जिनके तहत 128.63 करोड़ प्रीमियम एकत्रित किया है तथा जिसकी विकास दर 500% से अधिक थी, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान 12940 पॉलिसियां बेची गई जिनका प्रथम वर्षीय प्रीमियम 24.24 करोड़ रुपये था।

एलआईसी की पेंशन और समूह योजना विभाग ने समूह योजना नव व्यवसाय प्रीमियम आय के रूप में 30 सितंबर, 2020 तक 62,112.27 करोड़ रुपये एकत्रित किए हैं।

Q2 के लिए निगम की समग्र बाजार हिस्सेदारी, पॉलिसियों की संख्या में और प्रथम वर्षीय प्रीमियम में क्रमशः 67.82% और 70.57% रही है।

लॉकडाउन के गंभीर समस्याओं के बीच, दावों के मोर्चे पर भी, एलआईसी ने 82 लाख से अधिक के दावों का निपटान किया है, जो कि 30.09.2020 तक 48000 करोड़ रुपये से अधिक है।

एलआईसी ने अपने पॉलिसीधारकों को 51000 करोड़ रुपये से अधिक की बोनस राशि की भी घोषणा की है।

जोखिम सुरक्षा की आवश्यकता के बारे में फैले हुए व्यापक जागरूकता के कारण पॉलिसी अभ्यर्पण करने वालों में भारी गिरावट पायी गई है।

एलआईसी ने एक आम निवेशक के विपरीत, बाजार के प्रत्येक अवसर का लाभ उठाते हुए इस वर्ष, ऋण और इक्विटी में 260000 करोड़ रुपये से अधिक (30.09.2020 तक) का निवेश किया है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान 244931 करोड़ रुपयों का निवेश किया था। इस वित्त वर्ष में अब तक एलआईसी ने पूंजी बाजार में 15000 करोड़ रुपये से अधिक लाभ दर्ज कर चुका है।

मौजूदा रुझानों के चलते, यह उम्मीद करते है कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में एलआईसी असाधारण व बेमिसाल प्रदर्शन कायम करेगी ।

दिनांक 8 अक्टूबर, 2020, मुंबई

आगे की जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें -

कार्यकारी निदेशक (निगमित संप्रेषण)
भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई।
ईमेल आईडी ed_cc@licindia.com
https://www.licindia.in पर हमें संपर्क करें